>

Title: Need to provide funds for setting up of basic infrastructure facilities and Medical College in Allahabad University.

**श्री कपिल मुनि करवारिया (फूलपुर):** इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुए 4 वर्ष व्यतीत हो गये हैं लेकिन अभी तक सामाजिक आधारभूत संरचना विकास फंड से विश्वविद्यालय को कोई अतिरिक्त धनराशि नही दी गई है। आर्थिक कारणों से इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु अभी तक कोई कार्यवाही शुरू नहीं हो सकी जबकि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम में भी मेडिकल कॉलेज की स्थापना आवश्यक है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय एक ओर जहां स्थापना के 150 वर्ष पूरे करने वाले विश्वविद्यालयों को हीरक जयन्ती हेतु अतिरिक्त धनराशि आबंटित करता है, वहीं इलाहाबाद विश्वविद्यालय को मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए धन का आबंटन न होना चिंता का विषय है।

अतः इलाहाबाद विश्वविद्यालय को सामाजिक आधारभूत संरचना एवं विकास तथा मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।